Website:www.highwaychannel.ÐÐi

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष - 20 अंक-231, जगदलपुर, बुधवार, 13 जून 2018 पृष्ठ- 8, मूल्य-₹ 2.00 • जगदलपुर • रायपुर • बिलासपुर से प्रकाशित

विजेता ट्रेडिंग कम्पनी

(जनरल मरचेंट एंड कमीशन एजेंट)

प्रतापगंज पारा, जगदलपुर जिला बस्तर

एसी, एसी रॉयल, एसी सूट्स, एसी महराजा सूट्स कमरा एवं रेस्टोरेंट सेवा उपलब्ध।

होटल आकांक्षा

फोन:- 07782-222342,225335,225336

मोबा मो:-9399778808,8964911728

जंगली भैंसों का पता नहीं लेकिन हर साल बनाये जा रहे घास के मैदान

आदेर के उपसरपंच समेत दर्जनों ग्रामीणों ने किया इंकार, 30 मार्च को बनाये गये लाखों के फर्जी वाऊचर

देवशरण तिवारी

जगदलपुर, 13 जून (हाईवे चैनल)। बीजापुर बफर जोन का इलाका नक्सलियों के मामले में अपेक्षाकृत कम संवेदनशील है। यहां भी टायगर रिजर्व के अधिकारी फर्जी वाड़ा करने से नहीं चूक रहे। बीजापुर बफर के आदेर इलाके में हर साल नियमित रूप से एक फर्जीवाड़ा जारी है।

गत वर्ष यहां जैव विविधता संरक्षण मद अन्तर्गत मजदूरी के भुगतान में फिर एक बार बड़ा घोटाला किया गया है। यहां स्थित तोयनार के कक्ष क्रमांक 129 में फिर से एक बार एक नये चारागाह का निर्माण करवाया गया है और वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर 30 मार्च 2017 को 1 साथ 8 लाख रूपये की राशि का आहरण मजदूरी के नाम पर कर लिया गया है।

वाऊचर क्रमांक बीबी/126 से लेकर बीबी/ 131 दिनांक 30 मार्च 2017 तक के सभी वाऊचर में आदेर निवासी विक्रम पिता बिंदा और अन्य 300 काल्पनिक नामों को यह भुगतान करना बताया गया है। इन्ही मजदूरों से भू- जल संरक्षण तथा पत्थर, ब्रशवुड चेकडेम निर्माण का कार्य भी करवाया गया है। फर्जी वाऊचर बनाते बनाते वन अधिकारियों ने एक गलती कर दी जिसकी वजह से इस घोटाले की पोल खुल गई। आईटीआर के अधिकारियों ने इन सभी वाऊचर में भुगतान की पुष्टि करने के लिए फिर एक बार यहां की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता यालम शांति की सील और उनके हस्ताक्षर करवाएं हैं। जब हमने यालम शांति से मुलाकात की तो उन्होंने हस्ताक्षर देख कर हैरान होते हुए फिर अपनी बात दोहराई और कहा कि उन्होंने कभी भी इस तरह के किसी वाऊचर में सिगनेचर नहीं किया है। उनकी नकली सील टायगर रिजर्व के अधिकारियों द्वारा बनाई गई है, क्योंकि उनकी सील काफी अलग है। यालम शांति आंगनबाड़ी केन्द्र चिगना कोड़ेपाल में 2005 से पदस्थ है। उन्होंने फिर कहा कि टायगर रिजर्व के किसी अधिकारी या कर्मचारी से उनकी कभी मुलाकात नहीं हुई है। भुगतान पत्रक जिन परिसर रक्षक डिप्टी रेंजर और रेंजर ने बनाया है उनको यालम शांति जानती तक नहीं। उन्होंने आदेर पूर्व के कक्ष क्रमांक 131 में सालों से काम कर रहे मजदूरों की सूची भी देखी और 200 श्रमिकों में से एक को भी पहचानने से इंकार किया। उन्होंने कहा कि वे दिन भर इस इलाके में घूमती रहती हैं लेकिन उन्होंने कभी कोई घास मैदान या तालाब वन कर्मियों को बनाते नहीं देखा। आदेर के कांदनार पंचायत के उप सरपंच पांडुराम वासम से उनके घर पर मुलाकात हुई। उन्हें भी उन 200 मजदूरों की सूची दिखाई गई जो सालों से उनकी पंचायत से लगे जंगलों में इंद्रावती टायगर रिजर्व के अधिकारियों के लिए घास मैदान बना रहे हैं और जंगलों की सुरक्षा कर रहे हैं। उन्होंने भी इनमें से किसी एक को भी पहचानने से इंकार कर दिया। यह भी कहा कि इस इलाके में कभी कोई चारगाह या तालाब, टाईगर रिजर्व द्वारा नहीं बनवाया गया। उन्होंने इस इलाके में शेर या वन भैंसा जैसे जानवरों के होने से भी इंकार किया।

जारी है...

भ्रष्ट अफसरों का चारागाह- सातवीं किश्त

मार्च के अंतिम सप्ताह में ही सर्वाधिक भुगतान

इंद्र कुमार पिता पाकलू निवासी मड़ेम द्वारा मडेम परिक्षेत्र में वर्षों से सुरक्षा श्रमिक के रूप में कार्य किया जा रहा है। वाऊचर क्रमांक बीबी/123 दिनांक 30 मार्च 2017 को इंद्रकुमार के साथ साथ रघुनाथ, हड़मा, करन, तरूण, रतीराम, भोलू और माखन को 49647 रूपये का भुगतान नगद किया गया। इसी प्रकार वाऊचर क्रमांक बीबी/ 124 दिनांक 30 मार्च को चित्राकावाली निवासी सुकलू तेलम के साथ आलम, निलेश्वर, पाकलू, बतकैया, रामसाय, रौशन और रतीराम को भी इतनी ही राशि का नगद भुगतान किया गया है। वाऊचर क्रमांक बीबी/ 125 में भी फर्जी श्रमिकों को 49647 रूपये का नगद भुगतान किया गया है। इसके अलावा 30 मार्च 2017 को ही अधिकतर कार्यों का भुगतान कर रकम को ठिकाने लगाया गया है।

ना चारागाह मिला ना तालाब और ना ही मजदूर

पांडुराम वासम उपसरपंच, आदेर

सुरेश वासम ग्रामीण, आदेर

आदेर के उपसरपंच पांडुराम वासेम ने बताया कि पिछले साल कोई भी घास का मैदान नहीं बनाया गया न ही कोई तालाब या चेकडेम बनाया गया है। उन्होंने आदेर के मजदूरों की सूची देखकर कहा कि वे इनमें से किसी एक भी श्रमिक को नहीं जानते हैं। इसी तरह आदेर के ही सुरेश वासम ने कहा कि उनके इलाके में टायगर रिजर्व द्वारा कई सालों से कोई काम नहीं किया गया है। मजदूरों की सूची उन्हें पढ़कर सुनाई गई तो उन्होंने कहा कि इनमें से कोई भी व्यक्ति आस पास की तीनों पंचायतों में नहीं रहता है।

एक ही दाम

देवांगन बैग हाउस

शहर की सबसे सस्ती दुकान

हाता ग्राउण्ड के सामने कपूर बेकरी के बगल में

जगदलपुर मो. 9424275800, 7566006605

रमजानुल मुबारक

13 जून आज 27 वां रोजा बुध

आज का इफ्तार संध्या 6.52 बजे

कल की सहरी सुबह 3.59 बजे

मो.शरीफ कुरैशी

कुरैशी अंडा विक्रेता, ऑल लेन्ड्र टॉकिज रोड़, संजय बाजार, जगदलपुर, मो. 9981639318, 8103377769

ब्रेकिंग न्यूज

सीमा पर गोलीबारी 4 जवान शहीद, 3 घायल

जम्मू, 13 जून (एजेंसी)। रमजान के पाक महीने में पाकिस्तानी सेना ने नापाक हरकत की है। एक न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक सरहद पार से एक बार फिर संघर्षविराम का उल्लंघन किया गया है। सांबा सेक्टर के चंबियाल में सरहद पार से की गई फायरिंग में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के चार जवान शहीद हो गए हैं। मृतकों में असिस्टेंट कमांडेंट शामिल हैं। अन्य तीन शहीदों में असिस्टेंट कमांडेंट जतिंदर सिंह, असिस्टेंट सब इंसपेक्टर राम निवास, कांस्टेबल हंस राज शामिल हैं। संघर्ष में इसके अलावा तीन अन्य जवान भी बुरी तरह से घायल हुए हैं।

संघर्ष विराम का उल्लंघन ऐसे समय में किया गया है जब पाकिस्तानी रेंजर्स ने बीएसएफ के साथ दो बार फ्लैग मीटिंग की, जिसमें सीजफायर बनाए रखने पर सहमति बनी। बीती रात हुई फायरिंग से जुड़ी जानकारी देते हुए सूत्रों ने बताया कि बीएसएफ जवान निगरानी के लिए एक लंबा चक्कर लगाने जा रहे थे। इस दौरान पाकिस्तानी रेंजर्स ने सेना पर हमला कर दिया।

प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर पलटी, 17 की मौत, 23 घायल

मैनपुरी, 13 जून (एजेंसी)। जयपुर से सवारियां लेकर छिबरामऊ जा रही डबल डेकर प्राइवेट बस मैनपुरी जिले के करहल थाना क्षेत्र के गांव किरतपुर के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। सुबह साढ़े छह बजे हुए इस हादसे में 17 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 32 घायल हो गए। मरने वालों में ज्यादातर उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद व कन्नौज जिले के बताए जा रहे हैं। इनमें कई जयपुर में मजदूरी करते हैं और ईद का त्योहार मनाने अपने घर आ रहे थे।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद मैनपुरी में एक बस दुर्घटना में यात्रियों की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने हादसे में दिवंगत हुए लोगों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना भी व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को घायलो का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं।

अभी तक चार की शिनाख्त हो सकी है। मृतकों में छिबरामऊ के दो चचेरे-तहेरे भाई ज्ञानेंद और प्रदीप भी शामिल हैं। हादसे की सूचना पर मैनपुरी के जिलाधिकारी प्रदीप कुमार और एसपी अजय शंकर राय मौके पर पहुंच गए हैं। सभी घायलों को मैनपुरी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गंभीर घायलों को सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। डबल डेकर बस फर्रुखाबाद के मान ट्रांसपोर्ट की है, जो रात पौने नौ बजे जयपुर से फर्रुखाबाद के लिए रवाना हुई थी। इसमें फर्रुखाबाद व कन्नौज के रहने वाले जरदोजी का काम करने वाले सवार थे। बस में सवारियां इतनी ज्यादा थीं कि कई बस की छत पर भी बैठी थीं। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे से बस सुबह छह बजे के आसपास इटावा मार्ग की ओर मुड़ गई। करहल के पास अचानक संतुलन बिगड़ने से बस डिवाइडर से टकराकर पलट गई। बस के पलटते ही छत पर बैठी सवारियां एक के ऊपर एक आकर गिर पड़ीं। साथ ही बस के अंदर के अंदर बैठी सवारियों में भी कोहराम मच गया। खेतों पर काम करने वाले किसानों व राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी और खुद भी राहत कार्य में जुट गईं। बस रोजाना जयपुर से सवारियां लेकर फर्रुखाबाद आती है।

थाना दतारहार क्षेत्र के पास स्थित गांव कीरतपुर पर ये हादसा हुआ। आसपास के लोगों ने तुरंत थाना पुलिस को सूचना देकर बचाव कार्य शुरू कराया। इसके बाद कई थानों का फोर्स और करीब 12 एंबुलेंस मौके पर पहुंचकर शवों और घायलों को जिला अस्पताल लेकर पहुंचीं। वहां घायलों का इलाज जारी है।

डीआरडीओ के दावे ने तोड़ी रूस से 9 अरब डॉलर की फाइटर एयरक्राफ्ट डील, 2000 करोड़ रुपये डूबे

नई दिल्ली, 13 जून (एजेंसी)। रूस के साथ मिलकर नेक्स्ट जेनरेशन फाइटर एयरक्राफ्ट डिवेलप करने की 9 अरब डॉलर की डील टूट गई है। इसका कारण डिफेंस रिसर्च ऐंड डिवेलपमेंट ऑर्गनाइजेशन का यह दावा करना है कि उसके पास इस प्रॉजेक्ट के लिए जरूरी सभी टेक्नॉलजी मौजूद है या वह इसे देश में डिवेलप कर रहा है। हालांकि डील टूटने से रूस को दी गई करीब 2000 करोड़ रुपये की शुरुआती रकम भी डूब गई है।

इस डील से भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल हो जाता, जिनके पास पांचवी जेनरेशन फाइटर एयरक्राफ्ट मौजूद हैं। ये एयरक्राफ्ट अमेरिका और चीन के पास हैं। भविष्य में जरूरत पड़ने पर इस फाइटर एयरक्राफ्ट को खरीदने के फैसले के साथ यह डील रद्द की गई है। डील के लिए बातचीत में शामिल सूत्रों ने बताया कि इस प्रॉजेक्ट को लेकर प्रगति न होने की वजह डीआरडीओ का यह जोर देना था कि उसके पास इसके लिए जरूरी टेक्नॉलजी डिवेलप करने की क्षमता है। रूस ने भारत को पांचवी जेनरेशन फाइटर एयरक्राफ्ट मिलकर डिवेलप करने की पेशकश की थी। इसके लिए अधिकांश रिसर्च भारत में करने के साथ ही टेक्नॉलजी के पूरे ट्रांसफर पर भी सहमति बनी थी। भारत ने इस प्रॉजेक्ट के शुरुआती डिजाइन के लिए रूस को 29.5 करोड़ डॉलर का भुगतान भी किया था। एक अधिकारी ने बताया कि डील रद्द होने के साथ ही यह रकम भी डूब गई है। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से इस वर्ष की शुरुआत में इस प्रॉजेक्ट पर आयोजित की गई उच्च स्तरीय मीटिंग में वायु सेना ने अपनी सभी जरूरतों को पूरा करने के रूस के प्रपोजल पर आशंका जताई थी।

बैग ही बैग

थोक विक्रेता

स्कूल बैग, कॉलेज बैग, लेपटाप बैग की संपूर्ण रेंज नई डिजाइनों में उपलब्ध है।

सभी स्कूलों के मोजे, टाई, बेल्ट उपलब्ध है।

Volga Gold UNIFORM SOCKS

-: संपर्क स्थल :-

सतगुरु होजयारी

सोलंकी टेलर के बाजू में

प्रतापगंज पारा, जगदलपुर,

मो. 94242-81152, 9406290520

श्री विद्यापति अकादमी

नर्सरी से हायर सेकेण्डरी तक

प्रवेश प्रारंभ सत्र 2018-19

अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम

विज्ञान कॉमर्स कृषि

हमारी विशेषताएं

नर्सरी एवं प्राईमरी में खेल-खेल में शिक्षा विधि।

खेल के मैदान की उचित व्यवस्था।

स्कूल-बस की सुविधा उपलब्ध।

पुस्तकालय की समुचित व्यवस्था उपलब्ध।

कोचिंग सुविधा उपलब्ध

धनपुंजी में भी शाला की शाखा प्रारंभ है।

गीदम रोड, बहादुरगुड़ा, जगदलपुर, जिला-बस्तर (छग), फोनः- 07782-222748, मो. 9340789376, 9407751346